**Code No. 2604**

**CLASS : 11th (Eleventh)** **Series : 11/Feb./2024**

रोल नं० ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 15 तथा प्रश्न 16 हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :-*

(i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं **खण्ड 'अ'** और **खण्ड 'ब'** खण्ड 'अ' में बहुविकल्पीय और खण्ड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

(ii) **खण्ड 'अ'** में कुल **8** प्रश्नों के उपभागों के रूप में **40** बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गये हैं।

(iii) **खण्ड 'ब'** में कुल **8** प्रश्न हैं। निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(iv) प्रश्न-पत्र के **दोनों खण्डों** में प्रश्नों की कुल संख्या **16** है और **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(v) प्रश्नों का उत्तर लिखते समय प्रश्न संख्या को अवश्य लिखें।

(vi) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड - अ

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

देखना यह है कि, हिन्दी जिन जड़ों से निकली है, उसका बरगद पूरे विश्व में कहाँ-कहाँ तक फैला है और उसने कहाँ-कहाँ तक अपनी जड़ें जमाई हैं। हिन्दी का यह बरगद सात समन्दर पार तक, अपनी डालों को ले गया, कुछ मजबूत डालों ने कैरेबियन देशों में अपनी जड़ें गिराईं, कुछ ने गल्फ में, तो कुछ ने एशिया में। अब उन जड़ों को वहाँ विकसित वृक्ष के तनों के रूप में देखा जा सकता है। वे जड़ें जहाँ गिरीं वहीं से खाद-पानी लेने लगीं।

पिछले बीस बरस में मैंने काफ़ी दुनिया देखी है। इस दौरान प्रवासी भारतीयों में धीरे-धीरे एक चिंता विकसित होते देखा है। पश्चिम की दुनिया में अब लोगों को विकसित होते देखा है। पश्चिम की दुनिया में अब लोगों को ख्याल आ रहा है, कि उनके बच्चे बड़े हो गए और अफ़सोस, कि वे उन्हें अपनी भाषा न सिखा पाए। अफ़सोस, कि उन्हें अपनी संस्कृति न दे पाए। इस मरोड़ का तोड़ क्या हो ? विश्व हिन्दी सम्मेलनों में इस प्रकार की सामूहिक चिंताएँ एक मंच पर आती हैं और निदान खोजती हैं, निदान का अर्थ संस्थाएँ चलाने के लिए केवल आर्थिक मदद करना नहीं होता।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सर्वाधिक उचित शीर्षक क्या हो सकता है ?

(क) हिन्दी की दुनिया

(ख) हिन्दी का बरगद

(ग) मजबूत डालें

(घ) पश्चिम की दुनिया

(ii) पश्चिमी दुनिया के लोगों को क्या अफ़सोस हो रहा है ?

(क) उन्हें इन देशों में नहीं आना चाहिए था।

(ख) वे अपने बच्चों को अपनी भाषा नहीं सिखा सके।

(ग) वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

(घ) वे अपने परिवार से अलग हो गए।



Downloaded from www.cclchapter.com

(iii) हिन्दी की तुलना बरगद के पेड़ से क्यों की गई है ?

(क) उसकी अनेक जड़ें होती हैं जिनसे वह मजबूत बनता है।

(ख) उसकी प्रत्येक जड़ से नया वृक्ष बनता है।

(ग) हिन्दी भी बरगद की भाँति अनेक रूपों में विश्व के अन्य देशों में विकसित हो रही है।

(घ) उपर्युक्त सभी

(iv) हिन्दी का विकास मुख्यतः किन देशों में हुआ ?

(क) कैरेबियन देशों में (ख) गल्फ देशों में

(ग) एशिया के देशों में (घ) उपर्युक्त सभी

(v) हिन्दी भाषा से संबंधित चिंताओं का निदान करने के लिए क्या किया गया ?

(क) विश्व हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन (ख) मेलों का आयोजन

(ग) विश्व की अन्य भाषाओं का आयोजन (घ) विभिन्न संस्कृतियों पर चर्चा का आयोजन

**2.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

जहाँ विपुल विश्व की माया,
विनाशशील नर्तन में
क्षण-क्षण बदल रही है अपनी काया
पल-पल जी जा रही है नवीन बनकर
वायु के चरण भी काँप रहे हैं
विस्तृत मरु की नीरवता-सी
लहरियाँ लोट रही हैं धरा पर
घायल विक्षुब्ध सर्पिणियों-सी, ऐसे में
तुम्हारे लिए ऐसी जगह मैं कहाँ से लाऊँ
जहाँ तुम खेल सको निर्भय, हर्षित होकर।



Downloaded from www.cclchapter.com

(i) कविता में संसार को कैसा बताया गया है ?

(क) पुरातन रूप धारण करने वाला
(ख) चमत्कारिक रूप धारण करने वाला
(ग) अमानवीय रूप धारण करने वाला
(घ) विपुल और नित नवीन रूप धारण करने वाला

(ii) क्षण-प्रतिक्षण किसे नवीनता प्राप्त हो रही है ?

(क) मानव की काया को
(ख) नभ में छिटकी चाँदनी को
(ग) विश्व की माया को
(घ) सागर के जल को

(iii) किसके चरण काँपते हुए बताया गया है ?

(क) वायु के
(ख) किसान के
(ग) देवदूत के
(घ) मानव के

(iv) वायु के चरण क्यों काँप रहे हैं ?

(क) मानव के आक्रामक जोश को देखकर
(ख) जल प्रलय को देखकर
(ग) विध्वंसक बदलावों को देखकर
(घ) वातावरण के विकर्षण को देखकर

(v) घायल विक्षुब्ध सर्पिणियों-सी में अलंकार है :

(क) श्लेष अलंकार
(ख) यमक अलंकार
(ग) रूपक अलंकार
(घ) उपमा अलंकार

अथवा

धूप चमकती है चाँदी की साड़ी पहने
मैके में आई बिटिया की तरह मगन है
फूली सरसों की छाती से लिपट गई है
जैसे दो हमजोली सखियाँ गले मिली हैं
भैया की बाँहों से छूटी भौजाई-सी
लँहगे की लहराती लचती हवा चली है



Downloaded from www.cclchapter.com

सारंगी बजती है खेतों की गोदी में
दल के दल पक्षी उड़ते हैं मीठे स्वर के
अनावरण यह प्राकृत छवि की अमर भारती
रंग-बिरंगी पंखुरियों की खोल चेतना
सौरभ से मह-मह महकती है दिगंत को
मानव मन को भर देती है दिव्य दीप्ति से
शिव के नंदी-सा नदिया में पानी पीता
निर्मल नभ अवनी के ऊपर विसुध खड़ा है
काल काग की तरह ठूँठ पर गुमसुम बैठा
खोई आँखों देख रहा है दिवास्वप्न को

(i) धूप किस प्रकार की लग रही है ?

(क) चाँदी की साड़ी पहने जैसे कोई बेटी मायके आई हो।

(ख) धरती के कोने-कोने में फैल गई सुंदरी की तरह।

(ग) मनमौजी लड़की की तरह।

(घ) ससुराल में आई बेटी की तरह।

(ii) सरसों के संदर्भ में धूप कैसी लग रही है ?

(क) जैसे दो भाई गले मिल रहे हों।

(ख) भौजाई से गले मिल रही हों।

(ग) दो सखियाँ गले मिल रही हों।

(घ) दो दुश्मन गले मिल रहे हों।

(iii) शिव के नंदी-सा ............ पानी पीता। इस पंक्ति में नंदी-सा किसे कहा गया है ?

(क) नभ को

(ख) मानव को

(ग) धरती को

(घ) काल को



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) काल ठूँठ पर किसकी तरह बैठा है ?

(क) भँवरे की तरह
(ख) चिड़िया की तरह
(ग) साँप की तरह
(घ) कौए की तरह

(v) उपर्युक्त काव्यांश में किसका चित्रण है ?

(क) प्रकृति के सौन्दर्य का।
(ख) धूप के सौन्दर्य का।
(ग) पक्षियों के सौन्दर्य का।
(घ) मानव के सौन्दर्य का।

**3.** निम्नलिखित पद्य खण्ड पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(i) कबीर के अनुसार परमात्मा कहाँ पाया जाता है ?

(क) मंदिर में
(ख) कण-कण में
(ग) आँगन में
(घ) स्वर्ग में

(ii) घर मुझसे दूर है जो, घर खुशी का पूर है जो, 'पूर है जो' से आशय है …………।

(क) वह घर जो परिपूर्ण है यानि खुशियों से भरा-पूरा है।
(ख) घर जो धागों का पूर है।
(ग) घर जो पूर्ण हो गया है।
(घ) घर जो भरा पड़ा है।

(iii) 'आओ मिलकर बचाएँ' कविता में कवयित्री जी ने बस्तियों के जीवन की तुलना किससे की है ?

(क) प्रकृति
(ख) कुत्ता
(ग) कंकाल
(घ) बिल्ली

(iv) बढ़ई किसको नहीं काट पाता ?

(क) लकड़ी को
(ख) पेड़ को
(ग) अग्नि को
(घ) खाके को



Downloaded from www.cclchapter.com

(v) कॉलम 'अ' को कॉलम 'ब' से सुमेलित करके, *सही* विकल्प चुनिए :

| कॉलम 'अ' | कॉलम 'ब' |
|---|---|
| 1. यह सुनकर | (i) परेशान फिर हो जाता हूँ। |
| 2. ब्याह तुम्हारा होगा | (ii) पढ़ लेना अच्छा है। |
| 3. पाता हूँ अब कागज गायब | (iii) मैं हँस देता हूँ। |
| 4. मैंने कहा कि चंपा | (iv) तुम गौने जाओगी। |

(क) 1 (ii), 2 (iii), 3 (i), 4 (iv)

(ख) 1 (iii), 2 (iv), 3 (i), 4 (ii)

(ग) 1 (ii), 2 (iii), 3 (iv), 4 (i)

(घ) 1 (i), 2 (iv), 3 (ii), 4 (iii)

**4.** निम्नलिखित गद्य खण्ड पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(i) 'नमक का दरोगा' पाठ की विधा क्या है ?

(क) उपन्यास (ख) रेखाचित्र

(ग) कहानी (घ) संस्मरण

(ii) 'रजनी' पाठ में सही बात कहने का डर किसे लग रहा था ?

(क) रजनी के पति को (ख) अमित व उसकी माँ को

(ग) हेडमास्टर को (घ) संपादक को

(iii) मास्टर त्रिलोक सिंह किसकी दुकान पर हुक्का पीकर आते हैं ?

(क) चंद्रदत की (ख) गोपाल सिंह की

(ग) धनराम के पिता जी की (घ) वंशीधर की



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) फिल्मकार जिस घर में शूटिंग करते थे, उसके पड़ोस में कौन रहता था ?

(क) नलसाज (ख) वैदूय

(ग) धोबी (घ) वकील

(v) इनमें से कौन-सी समस्या किसानों से संबंधित *नहीं* है ?

(क) किसानों पर पूँजीपतियों का शिकंजा

(ख) कड़े लगान का थोपा जाना

(ग) पुलिस के जुल्म

(घ) महाजनों द्वारा आर्थिक मदद बिना ब्याज के देना

**5.** *'अभिव्यक्ति एवं माध्यम'* पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(i) भारत में टेलीविजन की शुरुआत ............ को हुई थी।

(क) 15 सितम्बर, 1959 (ख) 20 सितम्बर, 1958

(ग) 15 सितम्बर, 1948 (घ) 15 सितम्बर, 1938

(ii) जो संवाददाता केवल अपने क्षेत्र विशेष से संबंधित रिपोर्टों को भेजता है, वह कहलाती है :

(क) विशेष रिपोर्ट (ख) रिपोर्टिंग

(ग) बीट रिपोर्टिंग (घ) फ्रीलांसर

(iii) वॉचडाग पत्रकारिता का मुख्य उत्तरदायित्व क्या है ?

(क) सरकार के काम-काज पर निगाह रखना (ख) गड़बड़ी का पर्दाफाश करना

(ग) गोपनीय जानकारी का पर्दाफाश (घ) विकल्प (क) व (ख) सही हैं



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) डायरी लिखने के लिए कौन-सी डायरी उपयोगी हो सकती है ?

(क) नई डायरी (ख) पुराने साल की डायरी

(ग) (क) व (ख) दोनों सही (घ) (क) व (ख) दोनों गलत

(v) यह वह तकनीक है जिसके द्वारा भविष्य में होने वाली घटना को पहले दिखा दिया जाता है :

(क) फ़्लैश बैक (ख) फ़्लैश फॉरवर्ड

(ग) पटकथा (घ) कथा

**6.** *'वितान' (भाग-1)* पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(i) पर्जन्य का क्या अर्थ है ?

(क) पहाड़ (ख) सागर

(ग) बादल (घ) संगीत का क्षेत्र

(ii) चेलवांजी सिर में धातुओं से बने टोप क्यों पहनते हैं ?

(क) सरदी से बचने के लिए

(ख) कंकड़-पत्थरों से बचने के लिए

(ग) गरमी से बचने के लिए

(घ) वर्षा से बचने के लिए

(iii) 'राजस्थान की रजत बूँदें' के आधार पर, साँपणी किसे कहते हैं ?

(क) कुंडली के आकार की रस्सी की बंधाई

(ख) मादा साँपिन

(ग) साँपिन के आकार की धातु से बनी रस्सी

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) आलो-आँधारि का क्या अर्थ है ?

(क) दिन का उजाला (ख) अँधेरे का उजाला

(ग) तारों का उजाला (घ) घर का उजाला



Downloaded from www.cclchapter.com

(v) बेबी को अपनी माता की मृत्यु का समाचार कैसे मिला ?

(क) पति से (ख) पिता से

(ग) आनन्द बाबू से (घ) जेठू से

7. *'व्याकरण'* पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 ×

(i) 'मनमौजी' में ............ समास है।

(क) अपादान तत्पुरुष (ख) करण तत्पुरुष

(ग) अव्ययीभाव (घ) कर्मधारय

(ii) निम्नलिखित में **कॉलम 'क'** के शब्दों को **कॉलम 'ख'** की सन्धि से उचित मिलान कीजिए :

| कॉलम 'क' | कॉलम 'ख' |
|---|---|
| 1. दीक्षान्त | (i) गुण संधि |
| 2. सुरेन्द्र | (ii) व्यंजन सन्धि |
| 3. उल्लेख | (iii) दीर्घ सन्धि |
| 4. मनोयोग | (iv) विसर्ग सन्धि |

(क) 1 (ii), 2 (iii), 3 (iv), 4 (i)

(ख) 1 (iii), 2 (i), 3 (ii), 4 (iv)

(ग) 1 (iii), 2 (iv), 3 (ii), 4 (i)

(घ) 1 (iv), 2 (iii), 3 (ii), 4 (i)

(iii) निम्नलिखित में से *शुद्ध* वाक्य छाँटिए :

(क) बच्चे को नहलाकर दूध पिलाओ।

(ख) बेफिजूल बातें मत करो।

(ग) मिठाइयाँ आमतौर पर अच्छी लगती हैं।

(घ) सुंदर सुरूप सराहनीय है।



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) 'मैंने घर जाना है।" इस वाक्य में ........... दोष है।

(क) कारक चिह्न संबंधी (ख) उपसर्ग संबंधी

(ग) पुनरूक्ति संबंधी (घ) प्रत्यय संबंधी

(v) साफ-साफ का विग्रह पद होगा :

(क) बिल्कुल साफ (ख) साफ और साफ

(ग) साफ (घ) साफ रखना

8. *'नैतिक शिक्षा'* पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 ×

(i) नियम कितने होते हैं ? *सही* चुनाव कीजिए।

(क) हिंसा, सत्य, अस्तेय, शक्ति, अपरिग्रह

(ख) शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान

(ग) शौच, तप, हिंसा, सत्य, शक्ति

(घ) तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान, हिंसा

(ii) डॉ० सी० वी० रमन को कौन-से पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

(क) ज्ञानपीठ पुरस्कार से

(ख) साहित्य पुरस्कार से

(ग) लेनिन शांति पुरस्कार से

(घ) द्रोणाचार्य पुरस्कार से

(iii) भगवान महावीर का मूल नाम क्या था ?

(क) वर्धवान (ख) महावीर जैन

(ग) त्रिशाल (घ) वर्धमान



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) अशफाक उल्ला खाँ को फाँसी के तख्ते पर कब लाया गया ?

(क) मंगलवार 12 दिसम्बर, 1927
(ख) सोमवार 19 दिसम्बर, 1927
(ग) सोमवार 15 दिसम्बर, 1928
(घ) रविवार 25 दिसम्बर, 1928

(v) डॉ० अब्दुल कलाम भारत के ........... राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे।

(क) दसवें
(ख) ग्यारहवें
(ग) बारहवें
(घ) पंद्रहवें

## खण्ड - ब

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

9. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

पग घुंघरू बांधि मीरां नाची,
मैं तो मेरे नारायण सूं, आपहिं हो गई साची
लोग कहैं, मीरां भई बावरी; न्यात कहै कुल-नासी
विस का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरां हाँसी
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी

*प्रश्न :*

(i) मीरा कृष्ण की भक्ति में लीन होकर क्या करने लगी थी ?

(ii) लोग मीरा को बावरी क्यों कहते हैं ?

(iii) पद्यांश के रचयिता व कविता का नाम लिखें।

(iv) 'सहज मिले अविनाशी' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(v) मीरा के लिए विष का प्याला किसने भेजा ?



Downloaded from www.cclchapter.com

अथवा

निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

हे सजीले हरे सावन,
हे कि मेरे पुण्य पावन,
तुम बरस लो वे न बरसें,
पाँचवे को वे न तरसें,

**10.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

फिर तेवर चढ़ा हमें घूरकर कहा – 'तुनकी पापड़ से ज्यादा महीन होती है, महीन।, हाँ किसी दिन खिलाएँगे, आपको।

एकाएक मियाँ की आँखों के आगे कुछ कौंध गया। एक लंबी साँस भरी और किसी गुमशुदा याद को ताजा करने को कहा – 'उतर गए वे जमाने। और गए वे कद्रदान जो पकाने-खाने की कद्र करना जानते थे। मियाँ, अब क्या रखा है ............ निकाली तंदूर से-निगली और हजम!'

अथवा

थोड़ी देर पहले तक धमाचौकड़ी मचाते, उठा-पटक करते और बांज के पेड़ों की टहनियों पर झूलते बच्चों को जैसे साँप सूंघ गया है। कड़े स्वर में वह पूछते हैं, 'प्रार्थना कर ली तुम लोगों ने" ? यह जानते हुए भी कि यदि प्रार्थना हो गई होती तो गोपाल सिंह की दुकान तक उनका समवेत स्वर पहुँचता ही, त्रिलोक सिंह घूर-घूरकर एक-एक लड़के को देखते हैं। फिर वही कड़कदार आवाज, मोहन नहीं आया आज ?



Downloaded from www.cclchapter.com

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी *एक* का उत्तर लिखिए : 5

(i) आपके स्कूल में हिन्दी साहित्य परिषद् की एक सभा, 'हिन्दी-दिवस' समारोह को मनाने हेतु, आयोजित की गई है। उसका प्रतिवेदन लिखिए।

(ii) आपका नाम मोहन कुमार है। आप लिपिक के पद के लिए आवेदन भेजना चाहते हैं। उसके लिए अपना स्ववृत्त तैयार करें।

(iii) स्वास्थ्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा कर्मचारियों के लिए सरकारी चिकित्सालयों में मुफ्त इलाज के संबंध में परिपत्र लिखिए।

12. काव्य खण्ड पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) चंपा ने ऐसा क्यों कहा, कि कलकत्ता पर बजर गिरे ? 3

(ii) माटी का रंग प्रयोग करते हुए किस बात की ओर संकेत किया है ? 2

13. गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) 'भूलो' की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया ? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया ? 3

(ii) दबा हुआ आदमी एक कवि है, यह बात कैसे पता चली और इस जानकारी का, फाइल की यात्रा पर क्या असर पड़ा ? 2

14. *'वितान' (भाग-1)* पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) चेजारों के साथ गाँव समाज के व्यवहार में पहले की तुलना में आज क्या फर्क आया है ? (पाठ के आधार पर बताइए) 3

(ii) बेबी की जिंदगी में तातुश का परिवार न आया होता, तो उसका जीवन कैसा होता ? कल्पना करें और लिखें। 2



Downloaded from www.cclchapter.com

**15.** ***'व्याकरण'*** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें। 3 + 2 = 5

(i) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें :

मनुष्य को सुख कैसे मिलेगा ? बड़े-बड़े नेता कहते हैं, वस्तुओं की कमी है, और धन की वृद्धि करो और बाह्य उपकरणों की ताकत बढ़ाओ। एक बूढ़ा था। उसने कहा था – बाहर नहीं, भीतर की ओर देखो। हिंसा को मन से दूर करो, मिथ्या को हटाओ, क्रोध और द्वेष को दूर करो, लोक के लिए कष्ट सहो। आराम की बात मत सोचो, प्रेम की बात सोचो, आत्म-पोषण की बात सोचो, काम करने की बात सोचो, उसने कहा – प्रेम ही बड़ी चीज है, क्योंकि वह हमारे भीतर है। उच्छृंखलता पशु की प्रवृत्ति है, 'स्व' का बंधन मनुष्य का स्वभाव है।

(क) उच्छृंखलता में कौन-सा प्रत्यय है ?

(ख) स्व का बंधन किसका स्वभाव है ?

(ग) गंद्याश में प्रयोग 'ओर' व 'और' का क्या अर्थ है ?

(ii) स्वर संधि के भेदों का नाम बताते हुए गुण सन्धि को परिभाषित कीजिए।

**16.** ***'नैतिक शिक्षा'*** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) योग के कितने अंग हैं ? उनका नाम लिखें व किन्हीं ***दो*** अंगों का वर्णन करें। 3

(ii) विश्व एक परिवार कैसे बन सकता है ? 2



Downloaded from www.cclchapter.com